कार्यालयः— वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।
वन भवन, चतरा— 825401 (झारखण्ड)
झारखण्ड सरकार Ph. & Fax (o) - 06541- 222303 E-mail:- dfochatrasouth@gmail.com

पत्रांक 1079 दिनांक 30-3-18

सेवा में,

के0के0 मिश्रा,
महाप्रबंधक,
सी0सी0एल0
नॉर्थ करणपुरा क्षेत्र
पोस्ट— डकरा
जिला— राँची।

O/C

विषयः— मेसर्स सी0सी0एल द्वारा चतरा जिला अंतर्गत पुरनाडीह ओ0सी0पी0 परियोजना हेतु 323.49 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंगः— आपका पत्रांक PO/PND/L&R/2017-18/464 दिनांक 27.03.2018

महाशय ,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का पत्र संख्या–वनभूमि–27/2016 5066 दिनांक 04.11.2016 द्वारा चार बिंदुओं पर पृच्छा की गई थी, जिसके आलोक में आपके द्वारा बिंदुवार अनुपालन प्रतिवेदन पत्रांक PO/PND/L&R/2017-18/464 दिनांक 27.03.2018 से इस कार्यालय में समर्पित किया गया है। समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन में गैर वनभूमि का सक्षम स्तर से निर्गत सत्यापित प्रति का अवलोकन किया गया एवं पाया गया कि इस प्रति में खतियान पार्ट–II के अनुसार प्लॉटवार भूमि का किस्म दर्ज नहीं है।

झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का पत्र संख्या–वनभूमि–24/2016 778 दिनांक 22.02.0218 द्वारा सख्त निर्देश प्राप्त है, कि गैर वनभूमि के प्रकृति के बिना(भूमि का किस्म) अभिलेख को अग्रसारित नहीं किया जाय।

अतः अनुपालन प्रतिवेदनों की सभी मूल प्रतियाँ वापस करते हुए अनुरोध है कि गैर वनभूमि की सक्षम स्तर से सत्यापित प्रति में खतियान पार्ट–II के अनुसार प्लॉटवार भूमि का किस्म अंकित करवाते हुए अनुपालन प्रतिवेदन यथाशीघ्र समर्पित किया जाय ताकि अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

विश्वासभाजन,
ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

ज्ञापांक दिनांक

प्रतिलिपि :— वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।
30/3/18